अर्थ प्रकाश 23/7/2026

# ट्राईसिटी के शिक्षकों का पीएमएल एसडी बिजनेस स्कूल में सम्मान

**शिक्षा जगत में उत्कृष्ट योगदान देने वाले शिक्षाविदों को किया गया सम्मानित**

**अर्थ प्रकाश संवाददाता**



**चंडीगढ़, 22 जुलाई।** पीएमएल एसडी बिजनेस स्कूल सेक्टर 32 चंडीगढ़ में ट्राइसिटी के शिक्षकों और शिक्षा क्षेत्र के मार्गदर्शकों को सम्मानित करने के लिए एक विशेष समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर विभिन्न स्कूलों और शिक्षण संस्थानों के शिक्षकों, शिक्षाविदों और विषय विशेषज्ञों को शिक्षा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

समारोह में जीजीडीएसडी कॉलेज सोसायटी के वित्त सचिव जतिंदर भाटिया और महासचिव डॉ. पी.के. बजाज मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने शिक्षकों की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि बदलते औद्योगिक परिवेश के अनुरूप विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण, व्यावहारिक और मूल्य आधारित शिक्षा प्रदान करना समय की आवश्यकता है।

पीएमएल एसडी बिजनेस स्कूल के निदेशक डॉ. कपिल पांडला ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि संस्थान उद्योग, स्कूल और उच्च शिक्षा संस्थानों के बीच मजबूत समन्वय स्थापित करने के लिए लगातार प्रयासरत है।

उन्होंने कहा कि शिक्षक ही विद्यार्थियों के भविष्य के वास्तविक निर्माता हैं और उनके समर्पण को सम्मानित कर एक ऐसा शैक्षणिक वातावरण तैयार किया जा सकता है, जो छात्रों में व्यावहारिक कौशल, आलोचनात्मक सोच और नैतिक नेतृत्व क्षमता का विकास करे।संस्थान ने यह भी जानकारी दी कि उसके प्रमुख पीजीडीएम (पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन मैनेजमेंट) कार्यक्रम में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इच्छुक अभ्यर्थी संस्थान की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से या सीधे परिसर में जाकर आवेदन कर सकते हैं। इस अवसर पर डॉ. गौरव, डॉ. सुमित, गीतू खन्ना, अंशुल खन्ना, अंकित नौटियाल, सुमित सिंगला, साहिल अरोड़ा, रोहित कंवर, विक्रांत अरोड़ा, रचना अरोड़ा, डॉ. मोना कपूर, प्रीति और डॉ. नवीन शर्मा को शिक्षा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान और अकादमिक नेतृत्व के लिए सम्मानित किया गया।

दैनिक ट्रिब्यून 23/7/2026/

# पीएमएल एसडी बिजनेस स्कूल में ट्राइसिटी के शिक्षकों का सम्मान

मनीमाजरा (चंडीगढ़), 22 जुलाई (हप्र)

सेक्टर-32 स्थित पीएमएल एसडी बिजनेस स्कूल में ट्राइसिटी के शिक्षकों एवं शिक्षाविदों को सम्मानित करने के लिए विशेष समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों और शिक्षण संस्थानों से जुड़े शिक्षकों, शिक्षा विशेषज्ञों और मार्गदर्शकों को शिक्षा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया।



सेक्टर-32 स्थित पीएमएल एसडी बिजनेस स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किये गये ट्राइसिटी के शिक्षक।-हप्र

समारोह में जीजीडीएसडी कॉलेज सोसायटी के वित्त सचिव जतिंदर भाटिया और महासचिव डॉ. पी.के. बजाज मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि वर्तमान औद्योगिक परिवेश में विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण, व्यावहारिक और मूल्य आधारित शिक्षा प्रदान करना अत्यंत आवश्यक है। पीएमएल एसडी बिजनेस स्कूल के निदेशक डॉ. कपिल पांडला ने कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों के भविष्य के वास्तविक निर्माता हैं। इस अवसर पर डॉ. गौरव, गीतू खन्ना, अंशुल खन्ना, सुमित सिंगला, साहिल अरोड़ा, रोहित कंवर, विक्रांत अरोड़ा, रचना अरोड़ा, डॉ. मोना कपूर, प्रीति और डॉ. नवीन शर्मा को सम्मानित किया गया।

दिव्य हिमाचल 22-7-2026

शाबाश

शिक्षा जगत में उत्कृष्ट योगदान देने पर मिला इनाम, टीचर्स में खुशी की लहर

# चंडीगढ़ में शिक्षकों को सम्मान

दिव्य हिमाचल ब्यूरो- चंडीगढ़

पीएमएल एसडी बिजनेस स्कूल सेक्टर 32 चंडीगढ़ में ट्राइसिटी के शिक्षकों और शिक्षा क्षेत्र के मार्गदर्शकों को सम्मानित करने के लिए एक विशेष समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर विभिन्न स्कूलों और शिक्षण संस्थानों के शिक्षकों, शिक्षाविदों और विषय विशेषज्ञों को शिक्षा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। समारोह में जीजीडीएसडी कालेज सोसायटी के वित्त सचिव जतिंदर भाटिया और महासचिव डा. पीके बजाज मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने शिक्षकों की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि बदलते औद्योगिक परिवेश के अनुरूप विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण, व्यावहारिक और मूल्य आधारित शिक्षा प्रदान करना समय की आवश्यकता है। पीएमएल एसडी बिजनेस स्कूल के निदेशक डा. कपिल पांडला ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि संस्थान उद्योग, स्कूल और उच्च शिक्षा संस्थानों के बीच मजबूत समन्वय स्थापित करने के लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि शिक्षक ही विद्यार्थियों के भविष्य के वास्तविक निर्माता हैं और उनके समर्पण को सम्मानित कर एक ऐसा शैक्षणिक वातावरण तैयार किया जा सकता है, जो छात्रों में व्यावहारिक कौशल, आलोचनात्मक सोच और नैतिक नेतृत्व क्षमता का विकास करे। संस्थान ने यह भी जानकारी दी कि उसके प्रमुख पीजीडीएम पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन मैनेजमेंट कार्यक्रम में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इच्छुक अभ्यर्थी संस्थान की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से या सीधे परिसर में जाकर आवेदन कर सकते हैं। इस अवसर पर डा. गौरव, गीतू खन्ना, अंशुल खन्ना, सुमित सिंगला, साहिल अरोड़ा, रोहित कंवर, विक्रांत अरोड़ा, रचना अरोड़ा, डा. मोना कपूर को सम्मानित किया।



चंडीगढ़। उपलब्धियों पर शिक्षकों को सम्मानित करने का दौर

पंजाब केसरी 22-7-2026

# पी.एम.एल. एस.डी. बिजनैस स्कूल ने शिक्षकों को किया सम्मानित



चंडीगढ़, 21 जुलाई (आशीष): सैक्टर-32 स्थित पी.एम.एल. एस.डी. बिजनेस स्कूल की ओर से ट्राईसिटी के प्रमुख शिक्षकों और शिक्षाविदों के सम्मान में कैंपस में समारोह आयोजित किया गया। कॉलेज सोसाइटी के वित्त सचिव जतिंदर भाटिया और महासचिव डॉ. पी.के. बजाज ने विशेष रूप से शिरकत की। समारोह में डॉ. गौरव, गीतू खन्ना, अंशुल खन्ना, सुमित सिंगला, साहिल अरोड़ा, रोहित कंवर, विक्रांत अरोड़ा, रचना अरोड़ा, डॉ. मोना कपूर, प्रीति और डॉ. नवीन शर्मा को सम्मानित किया गया। (परमजीत)